# होटल, गेस्ट हाउस के नाम पर टटलू काटने वालों पर चला चाबुक

### श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और ठगी की शिकायतों पर सख्ती, प्रेम मंदिर से बांके बिहारी मंदिर तक चला अभियान



**वृंदावन।** होटल गेस्ट हाउस के नाम पर पर्यटकों को टटलू काटने वालों पर पुलिस का चाबुक चला है। धार्मिक नगरी वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं को होटल और गेस्ट हाउस दिलाने के नाम पर परेशान करने, अवैध वसूली और कथित ठगी करने वाले दलालों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वृंदावन कोतवाली पुलिस ने देर रात शहर के प्रमुख धार्मिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए करीब दो दर्जन संदिग्ध दलालों को हिरासत में लिया। वृंदावन कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वीआईपी मार्ग, प्रेम मंदिर और विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में कार्रवाई की। पुलिस टीम ने उन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी, जहां बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही रहती है। बताया जा रहा है कि वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को रास्ते में रोककर होटल और गेस्ट हाउस उपलब्ध कराने के नाम पर कुछ दलाल सक्रिय रहते हैं। श्रद्धालुओं से मनमाने पैसे मांगने, होटल तक पहुंचाने के नाम पर कमीशन लेने और उन्हें परेशान करने जैसी शिकायतों को देखते हुए पुलिस ने यह अभियान चलाया। देर रात अचानक शुरू हुई पुलिस की कार्रवाई से होटल दलालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। वृंदावन में प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठाकुर बांके बिहारी महाराज, प्रेम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। त्योहारों, सप्ताहांत और विशेष धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में होटल, गेस्ट हाउस, पार्किंग और मंदिर तक पहुंचाने के नाम पर श्रद्धालुओं को परेशान किए जाने की शिकायतें पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बनती हैं। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य धार्मिक नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से मंदिरों और प्रमुख मार्गों के आसपास सक्रिय संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ किसी प्रकार की ठगी या अवैध वसूली न हो सके। कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहूलियत के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी और प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी भी जारी रहेगी। पुलिस की देर रात हुई इस कार्रवाई ने साफ संदेश दिया है कि धर्मनगरी में श्रद्धालुओं को होटल और गेस्ट हाउस के नाम पर परेशान करने, उनसे अवैध वसूली करने या ठगी का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायत सुन मौके पर जा पहुंचे नगर आयुक्त, कराया समाधान

### संभव दिवस पर आई शिकायतें के मौके पर पहुंच कर



**मथुरा।** नगर निगम के संभव दिवस में आई पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर नगर आयुक्त ओजस्वी राज एक्शन मोड में नजर आए। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त अधिकारियों की टीम के साथ स्वयं वार्ड संख्या-54 के प्रताप नगर पहुंचे और पेयजल व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से बातचीत कर समस्या की जानकारी ली और जलकल विभाग के अधिकारियों को तत्काल समाधान की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम में आयोजित संभव दिवस के दौरान वार्ड संख्या-54 प्रताप नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या से संबंधित शिकायत सामने आई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने केवल कार्यालय से निर्देश जारी करने के बजाय खुद मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति जानने का फैसला किया। नगर आयुक्त जलकल विभाग की पूरी टीम के साथ महोली रोड स्थित बजरंग चौराहा पहुंचे। यहां उन्होंने पेयजल आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से पूछा कि क्षेत्र के किन-किन हिस्सों में पानी की समस्या बनी हुई है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद ठाकुर तेजवीर सिंह भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने पार्षद और क्षेत्रवासियों से बातचीत कर पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। क्षेत्रवासियों ने नगर आयुक्त को बताया कि वार्ड के कई हिस्सों में नियमित रूप से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। विशेष रूप से क्षेत्र के अंतिम छोर तक रहने वाले लोगों को पेयजल आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्या सुनने के बाद नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने महाप्रबंधक जल को पूरे क्षेत्र का विस्तृत सर्वे कराने के निर्देश दिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पानी की आपूर्ति किन कारणों से प्रभावित हो रही है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान जिन स्थानों पर जलापूर्ति मोटर की क्षमता कम पाई जाए, वहां आवश्यकता के अनुसार मोटर की क्षमता बढ़ाने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही जिन इलाकों में मौजूदा पाइपलाइन के माध्यम से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है, वहां नई पाइप लाइन बिछाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना तैयार कर जल्द काम शुरू कराया जाए, जिससे वार्ड के अंतिम छोर तक पर्याप्त और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि संभव दिवस में आने वाली शिकायतों को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका धरातल पर समाधान दिखाई देना चाहिए। उन्होंने जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए समयबद्ध और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संभव दिवस में मिली शिकायत के बाद नगर आयुक्त के खुद प्रताप नगर पहुंचने से स्थानीय लोगों में भी समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद जगी है। अब जलकल विभाग पूरे क्षेत्र का सर्वे कर पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करेगा।

# छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के आवेदन करें 15 सितम्बर से

### -शिक्षण संस्थान मास्टर डाटाबेस में शामिल होने के लिए ऑनलाइन करें आवेदन 15 अगस्त तक

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय, एफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी के स्तर नियमावली में उल्लिखित व्यवस्थानुसार फीस आदि का सत्यापन करने की अंतिम तिथि 14 सितम्बर है। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण छात्र छात्राओं हेतु आवेदन करने के लिए 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक एवं नवीन छात्र छात्राओं हेतु आवेदन करने के लिए 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने पात्र छात्र-छात्राओं से शीघ्र आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसके बाद मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने जनपद में संचालित समस्त दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) को छोड़कर के उच्च शिक्षण संस्थानों को सूचित किया है कि निर्गत समय-सारणी के अनुसार कार्यवाही करते हुए अपने शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्रों को ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# 6.27 लाख का 41 क्विंटल पेड़ा गड्ढा खोद कर जमीन में गढवाया

### -वृंदावन में अवैध मावा मिठाई के काले कारोबार पर कार्यवाही, 41 क्विंटल पेड़ा कराया गया नष्ट

### -9 नमूने सील, 6.15 लाख का अस्वास्थ्यकर पेड़ा मौके पर कराया नष्ट

**मथुरा।** मिलावटखोरों और अवैध खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के.के. त्रिपाठी के नेतृत्व में सचल दल ने वृंदावन और बल्देव क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान लगभग 6 लाख 27 हजार रुपये मूल्य का 4,200 किलोग्राम (42 क्विंटल) से अधिक अमानक व अस्वच्छकर पेड़ा और मिल्क केक मौके पर ही नष्ट कराया गया। उन्होंने बताया कि 4,100 किग्रा पेड़ा एवं 100 किग्रा मिल्क केक जिसकी अनुमानित बाजार मूल्यरू 6,27,000 है। लैब में जांच के लिए 09 सैंपल भेजे गए हैं जांच रिपोर्ट आने पर दर्ज होगी एफआईआर। कांशीराम आवासीय फ्लैट (वृंदावन) में अवैध भंडारण पर चला बुलडोजर। वृंदावन स्थित नियर बसेरा बैकुंठ, मायावती फ्लैट (सेक्टर-3, ब्लॉक नं. 23) में विष्णु अग्रवाल के मकान पर खाद्य सचल दल ने छापा मारा। मौके पर अत्यंत अस्वच्छकर और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में बोरों में भरकर रखा गया पेड़ा और मिल्क केक मिला। बोरी पर नियमों के तहत कोई विवरण अंकित नहीं था। टीम ने गांव सुनरख बांगर में शिशुपाल उर्फ सतपाल के ठिकाने पर दबिश दी। यहाँ से पेड़ा, मिल्क केक और खोआ का 1-1 नमूना संग्रहित किया गया। अस्वच्छकर माहौल में भंडारित 100 किग्रा पेड़ा (कीमत लगभग 12,000) नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह कुशवाह द्वारा बल्देव स्थित प्रसिद्ध दुकान 'हरपाल बाबा पेड़े वाले' से घेवर का 1 नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इस बड़ी कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, अरुण कुमार, जितेंद्र सिंह, राम नरेश, दिनेश कुमार भारती, रीना शर्मा एवं मोहर सिंह कुशवाह शामिल रहे।

# बीएसए कॉलेज के पास खुले नाले में जा गिरे दो सांड

**मथुरा।** शहर के बीएसए कॉलेज के पास सोमवार रात करीब 10 बजे दो सांड खुले नाले में गिर गए। ये सांड आपस में लड़ते हुए नाले में जा गिरे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहरे नाले और फिसलन के कारण वे सफल नहीं हो सके। स्थानीय लोगों ने तत्काल नगर निगम को सूचना दी, लेकिन राहत टीम पहुंचने में देरी हुई। इसके बाद वृंदावन के गौरक्षक दल को बुलाया गया। गौरक्षकों ने रस्सियों से सांडों को निकालने की कोशिश की, पर कामयाबी नहीं मिली। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड, नगर निगम और जेसीबी मशीन को मौके पर बुलाया गया। संयुक्त टीम ने लगभग दो घंटे तक बचाव अभियान चलाया। जेसीबी की मदद से नाले के पास रास्ता बनाया गया। फायर ब्रिगेड और गौरक्षकों के सहयोग से दोनों सांडों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। बचाए गए सांडों को उपचार और देखभाल के लिए वृंदावन की गौशाला भेज दिया गया है। इस घटना के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि बीएसए कॉलेज के पास यह खुला नाला लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।

# इनर व्हील क्लब ने मनाया तीज उत्सव, बिखरे संस्कृति के रंग




**मथुरा।** इनर व्हील क्लब के नवीन सत्र के पदाधिकारियों का अधिष्ठापन समारोह और तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में नई अध्यक्ष और सचिव ने विधिवत पदभार ग्रहण किया तथा नई कार्यकारिणी का परिचय कराया गया। इस अवसर पर क्लब ने समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए पांच जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा का दायित्व लेने की घोषणा की, जबकि एक मूक बधिर छात्रा की स्नातक शिक्षा की जिम्मेदारी भी क्लब की वरिष्ठ सदस्य ने ली। इनर व्हील क्लब के नवीन सत्र के पदाधिकारियों का अधिष्ठापन समारोह एवं तीज उत्सव मथुरा में उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य संचालिका डॉ. मधुबाला गर्ग के स्वागत उद्बोधन से हुई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 311 की वाइस चेयरपर्सन ज्योति मित्तल मौजूद रहीं। वहीं डिस्ट्रिक्ट ट्रेज़रर मंजू पारीक और पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लता गोयल विशिष्ट अतिथि रहीं। दीप प्रज्वलन, इनर व्हील प्रार्थना और श्री गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए नए नेतृत्व को शुभकामनाएं दीं। अधिष्ठापन समारोह में नवीन अध्यक्ष और सचिव ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इसके बाद नई कार्यकारिणी का परिचय कराया गया। क्लब से जुड़े नए सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। समारोह के दौरान समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए खजानी लर्निंग अकादमी की पांच जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा का दायित्व लेने की घोषणा की गई। इस कार्य में लता गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, सुधा खंडेलवाल, अध्यक्ष रेखा माहेश्वरी और अरुणा बंसल ने सहयोग दिया। इसके साथ ही एक मूकबधिर छात्रा की स्नातक तक की शिक्षा का दायित्व क्लब की वरिष्ठ सदस्य माया गर्ग ने लिया। मुख्य अतिथि ज्योति मित्तल ने कहा कि इनर व्हील सेवा, संस्कार और समर्पण का सशक्त माध्यम है। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। समारोह के दूसरे चरण में तीज उत्सव की धूम देखने को मिली। मल्हार गायन, पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिह्न और प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरा आयोजन सेवा, सौहार्द, महिला नेतृत्व और भारतीय संस्कृति का सुंदर संगम बना।

# भारत पशुधन विकास में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है: हागीवारा




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (दुवासु) में सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के भारत प्रतिनिधि ताकायुकी हागीवारा ने कहा कि भारत में पशुधन और कृषि क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार वैश्विक चुनौतियों का समाधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। दुवासु के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान का विषय था ष्भारतीय परिप्रेक्ष्य में पशुधन क्षेत्र का भविष्य रू एफएओ का दृष्टिकोणष्। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, वैज्ञानिक, शोधार्थी, छात्र छात्राएं, इंटर्न और अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। हागीवारा ने कहा कि पशुधन क्षेत्र खाद्य सुरक्षा, पोषण, ग्रामीण रोजगार और टिकाऊ कृषि का मजबूत आधार है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक निर्णय प्रणाली, जलवायु के अनुकूल उत्पादन और विश्वविद्यालयों, सरकार, उद्योग तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के बीच बेहतर सहयोग से इस क्षेत्र को और मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने पशुधन विकास, नई तकनीकों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भविष्य की संभावनाओं से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका हागीवारा ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने ज्ञान के आदान-प्रदान और वैश्विक सहयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया। कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम छात्रों और शोधकर्ताओं को नई सोच और वैश्विक दृष्टिकोण देते हैं। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में अतिथि का आभार व्यक्त किया गया और आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों की सराहना की गई।

# नया बस स्टैंड पुल के नीचे रोडवेज बस हुई खराब

### व्यस्ततम मार्ग पर घंटों बनी रही जाम की स्थिति

**मथुरा।** मंगलवार तड़के ब्रज नगरी मथुरा में हुई झमाझम बारिश ने जहां मौसम को सुहावना कर दिया, वहीं शहर के कई इलाकों में जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सड़कों पर पानी भरने के कारण यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। सबसे ज्यादा परेशानी नया बस स्टैंड पुल के नीचे देखने को मिली, जहां जलभराव के बीच एक रोडवेज बस खराब हो गई और देखते ही देखते लंबा जाम लग गया। नया बस स्टैंड पुल के नीचे बारिश का पानी अधिक भर जाने के कारण रोडवेज की बस बीच रास्ते में ही खराब होकर खड़ी हो गई। बस के सड़क पर फंसने के कारण वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ और कुछ ही देर में दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम का असर भूतेश्वर से नया बस स्टैंड और नया बस स्टैंड से स्टेट बैंक चौराहे तक देखने को मिला। सड़क पर कार, ई-रिक्शा, ऑटो और अन्य वाहन कतारों में फंसे रहे। सुबह का समय होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी नौकरी और अपने प्रतिष्ठानों पर जाने वाले लोगों को उठानी पड़ी। कई लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे। एक तरफ सड़क पर जमा बारिश का पानी और दूसरी तरफ बीच रास्ते में खराब हुई रोडवेज बस ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। वाहन चालक जाम से निकलने के लिए रास्ता तलाशते नजर आए, लेकिन वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण स्थिति सामान्य होने में काफी समय लगा। रोडवेज कर्मचारियों ने बस को निकालने का प्रयास किया, लेकिन जलभराव के बीच बस को हटाना आसान नहीं था। इसके बाद जेसीबी मशीन को मौके पर बुलाया गया। कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद खराब रोडवेज बस को पानी और सड़क के बीच से बाहर निकलवाया। बस हटाए जाने के बाद धीरे-धीरे वाहनों का आवागमन शुरू हुआ और घंटों से जाम में फंसे लोगों को राहत मिली। हालांकि मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद नया बस स्टैंड पुल के नीचे बने जलभराव ने एक बार फिर शहर की यातायात और जल निकासी व्यवस्था की परेशानी को सामने ला दिया।

# नवादा चौराहे के पास ट्रक पलटा

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र के नवादा चौराहे के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तत्काल



उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस के साथ मिलकर घायलों को एंबुलेंस तक पहुंचाने में मदद की। समय पर सहायता मिलने से दोनों घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हालांकि दुर्घटना किस वजह से हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वाहन की तकनीकी स्थिति, सड़क की परिस्थितियों और चालक की भूमिका सहित कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में दुर्घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी सामने आईं। कुछ लोगों ने चालक की लापरवाही को संभावित कारण बताया, जबकि कुछ ने अन्य आशंकाएं जताईं। हालांकि इन बातों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी अफवाह या अपुष्ट जानकारी पर ध्यान न दें। पुलिस के अनुसार, हादसे की वास्तविक वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान

### चौमुहां उपकेंद्र पर विशेष सेवा शिविर में 16 प्रकरण निस्तारित

**चौमुहां।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्यालय के निर्देश पर एक अगस्त से 31 अगस्त तक संचालित विशेष उपभोक्ता सेवा शिविर अभियान के तहत सोमवार को चौमुहां विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन नोडल अधिकारी अधीक्षण



अभियंता सत्य प्रकाश पांडेय एवं अधिशासी अभियंता कोसी सुरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में किया गया। शिविर में विद्युत बिलों में त्रुटि, गलत रीडिंग दर्ज होने, मोबाइल नंबर अपडेट कराने तथा अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने कुल 16 उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया, जिनमें 9 बिल संबंधी, 3 मोबाइल नंबर अपडेट तथा 4 अन्य शिकायतें शामिल रहीं। इसके साथ ही शिविर के दौरान 1.42 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया। उपखंड अधिकारी सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने बताया कि यह विशेष अभियान पूरे अगस्त माह यानी 31 अगस्त तक लगातार संचालित रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की कि यदि उन्हें बिजली बिल या विद्युत सेवा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे ऑनलाइन माध्यम अथवा अपने नजदीकी विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित शिविर में पहुंचकर उसका त्वरित समाधान प्राप्त करें। विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है शिविर में अश्वनी कुमार अवर अभियंता, प्रमोद,गुलशेर खान, डब्बू सोनी, रवि, मनीष सोनी,संजय, आदि मौजूद रहे।